# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

## सामान्य सूचना

वित्तीय वर्ष 2026–27 में वैशाली जिला के सभी PM SHRI प्रारंभिक/माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों में न्यूनतम 50 बालिकाओं के आत्मरक्षा हेतु रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण (Self Defence) कार्यक्रम अन्तर्गत कराटे/मार्शल आर्ट प्रशिक्षण संचालित किया जाना है। राज्य कार्यालय ज्ञापांक 3039 दिनांक 17.06.2026 द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में उपर्युक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु जिला स्तर पर प्रशिक्षकों का चयन किया जाना है।

बिहार शिक्षा परियोजना, वैशाली कार्यालय द्वारा इच्छुक मार्शल आर्ट प्रशिक्षक से आवेदन (आवश्यक दस्तावेज सहित) आमंत्रित किया जा रहा है। आवेदन समर्पित करने की अवधि दिनांक 18.07.2026 से 23.07.2026 तक निर्धारित की गई है। राज्य कार्यालय से प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में प्रशिक्षकों के चयन हेतु अर्हता निम्नवत् निर्धारित किया गया है।

- कराटेः– ऑल इंडिया कराटे फेडरेशन/कराटे एसोसिएसन ऑफ इंडिया/कराटे ऑर्गनाईजेशन ऑफ इंडिया (AIKF/KAI/KIO) से निबंधित कराटे स्टाईल द्वारा निर्गत कराटे BLACK BELT योग्यताधारी।
- शैक्षणिक योग्यताः– स्नातक या उसके समकक्ष।
- आयुः– न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं अधिकतम आयु 35 वर्ष।
- कार्यानुभवः– कराटे विधा के क्षेत्र में प्रशिक्षण देने का कम से कम 01 वर्ष का अनुभव।

उपयुक्त अर्हता को पूर्ण करने वाले सभी इच्छुक मार्शल आर्ट प्रशिक्षक अपना आवेदन (अहर्ता से संबंधित सत्यापित प्रमाण पत्र सहित) दिनांक 23.07.2026, संध्या 4 बजे तक बिहार शिक्षा परियोजना, वैशाली कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन के साथ सुस्पष्ट बायोडाटा, पासपोर्ट साईज फोटा, फोटो पहचान पत्र (आधार/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर कार्ड/पासपोर्ट), बैंक खाता संबंधित विवरणी तथा अहर्ता पूर्ण करने संबंधित अन्य दस्तावेज की अभिप्रमाणित/सत्यापित प्रति संलग्न करेंगे, साथ ही शपथ पत्र भी जमा करेंगे।

बिहार शिक्षा परियोजना, वैशाली कार्यालय द्वारा मार्शल आर्ट प्रशिक्षकों से प्राप्त आवेदन का सत्यापन दिनांक 25.07.2026 (पूर्वाह्न 11:00 बजे से) को किया जायेगा। निर्धारित अवधि तक आवेदन समर्पित करने वाले सभी अभ्यर्थी उक्त तिथि को अपने सभी मूल प्रमाण–पत्र के साथ शिक्षा भवन वैशाली में उपस्थिति अनिवार्य होगी।

*नोट– किसी भी आवेदक का आवेदन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का सर्वाधिकार जिला स्तरीय चयन समिति के पास सुरक्षित रहेगा।*

17.7.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी
वैशाली

17/7/26

17/07/26